परिवहन निगम मुख्यालय
लखनऊ

पत्र संख्याः 80/मु0प्र0प्र0(संचा0)/कैम्प/2020–कोविड–19 दिनांकः 17 अप्रैल, 2020

प्रेषक,

डा0 राज शेखर,
(आई.ए.एस.)
प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम,
लखनऊ।

सेवा में,

श्री नवीन जैन,
(आई.ए.एस.)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम,
जयपुर।

विषय : आगरा से कोटा भेजी जा रही बसों को डीजल आवंटन हेतु।

महोदय,

अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की कुल 250 बसें, आपातकालीन सेवाओं के रूप में आगरा एवं झांसी क्षेत्र से कोटा, राजस्थान भेजने का निर्णय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लिया गया। इस निर्देश के अनुपालन में आगरा से कोटा के लिये आज दिनांक 17 अप्रैल, 2020 को, 150 बसें कोटा के लिये प्रस्थान कर रही है, जोकि लगभग 458 किलोमीटर की दूरी है। झांसी से कोटा जाने वाली 100 बसों को डीजल की आवश्यकता नहीं पडेगी।

आपातकालीन व्यवस्था के लिये आपसे अनुरोध है कि इन 150 बसों को कोटा में 120 लीटर डीजल प्रतिबस के आधार पर राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम के कोटा आगार से उपलब्ध कराने के निर्देश देने का कष्ट करें। कुल देय डीजल का मूल्य का भुगतान उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा राजस्थान परिवहन निगम के बैंक खाते में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से शीघ्रातिशीघ्र स्थानान्तरित कर दिया जायेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के श्री मनोज कुमार जैन, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (वित्त), (मोबइल नम्बर–9412705803) आगरा क्षेत्र को नोडल अधिकारी के रूप में कोटा भेज दिया गया है एवं वे राजस्थान परिवहन निगम के सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करेंगे तथा बसवार डीजल का सत्यापन भी करेंगे।

कृपया इस सम्बन्ध में कोटा के राजस्थान परिवहन निगम के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करना चाहें एवं सम्बन्धित नोडल अधिकारी का नाम व मोबाइल नम्बर अवगत कराना चाहें।

भवदीय

(डा॰ राज शेखर)
प्रबन्ध निदेशक

Scanned with CamScanner